उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,पिकप भवन तृतीय तल,

गोमती नगर, लखनऊ-226010

विज्ञप्ति संख्या- 8 (परीक्षा)/2016

## सम्मिलित अवर अभियन्ता (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016

आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि- **30 मार्च, 2016**

आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि- **21 अप्रैल, 2016**

आवेदन सबमिट किए जाने की अंतिम तिथि- **25 अप्रैल, 2016**

आयोग के विज्ञापन संख्या- 06 – परीक्षा / 2016 द्वारा नीचे सारणी- 1 में दिये गए विभागों के सम्मुख अंकित अवर अभियन्ता (सिविल, यांत्रिक एवं जल) के 298 पदों पर प्रतियोगितात्मक परीक्षा (लिखित परीक्षा) 2016 के आधार पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

## सारणी-1

| | | | | पदों की संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **पद क्रम सं०** | **विभाग का नाम** | **पद नाम** | **वेतन बैन्ड/ वेतनमान/ ग्रेड पे** | **01 जुलाई, 2016 को आयु (न्यूनतम-अधिकतम) वर्षों में।** | **अनारक्षित** | **अनुसूचित जाति** | **अनुसूचित जनजाति** | **अन्य पिछड़ा वर्ग** | **कुल पद** | **पदों की प्रकृति** |
| 1- | सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (यांत्रिक) | रु०9300-34800/- ग्रेड पे-4200/- | 18-40 | 06 | -- | 23 | 11 | 40 | स्थायी |
| 2- | निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ०प्र०, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (सिविल) | रु०9300-34800/- ग्रेड पे-4200/- | 18-40 | 25 | -- | 26 | -- | 51 | स्थायी |
| 3- | महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ०प्र०, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (सिविल) | रु०9300-34800/- ग्रेड पे-4200/- | 18-40 | -- | 02 | 01 | -- | 03 | अस्थायी |
| 4- | अध्यक्ष एवं प्रशासक, शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन परियोजना, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (सिविल) | रु०9300-34800/- ग्रेड पे-4200/- | 21-40 | 12 | 17 | 01 | -- | 30 | अस्थायी |
| 5- | निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (जल) | रु०9300-34800/- ग्रेड पे-4200/- | 21-40 | 67 | 26 | 06 | 51 | 150 | अस्थायी |
| 6- | प्रबन्ध निदेशक, यू०पी०प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि०, लखनऊ। | अवर अभियन्ता (सिविल) | रु०5200-20200/- ग्रेड पे-2800/- | 21-40 | 22 | -- | -- | 02 | 24 | अस्थायी |
| | | | | | **132** | **45** | **57** | **64** | **298** | |

## अर्हतायें

उपर्युक्त सारणी -1 में उल्लिखित विभिन्न पदों, जिनका उल्लेख पदवार सारणी-2 में किया गया है, हेतु उनके सम्मुख उल्लिखित अनिवार्य अर्हता अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र प्राप्त किए जाने की अंतिम तिथि तक अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिए :-

**सारणी-2**

| पद क्रमांक | पद नाम | अनिवार्य अर्हता/ अधिमानी अर्हता |
|---|---|---|
| 1- | **अवर अभियन्ता (यांत्रिक)** | 1- किसी संस्था या भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय द्वारा यांत्रिक अभियंत्रण में दिया गया डिप्लोमा, या<br>2- प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा यांत्रिक अभियंत्रण में दिया गया डिप्लोमा, या<br>3- अखिल भारतीय प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा यांत्रिक अभियंत्रण में दिया गया राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र। |
| 2- | **अवर अभियन्ता (सिविल)** | उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा रखता हो। |
| 3- | **अवर अभियन्ता (सिविल)** | **चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश में अवर अभियन्ता (सिविल) की भर्ती के लिए मान्यता प्राप्त डिप्लोमा प्रमाण-पत्र की सूची :-**<br>1- रुड़की विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया ओवर सियर प्रमाण–पत्र।<br>2- थामसन इंजीनियरिंग कॉलेज, रुड़की द्वारा अपने विद्यार्थियों को दिया गया ओवर सियर प्रमाण-पत्र।<br>3- थामसन इंजीनियरिंग कॉलेज, रुड़की द्वारा सिविल इंजीनियरिंग स्कूल के विद्यार्थियों को दिया गया ओवर सियर प्रमाण-पत्र।<br>4- थामसन इंजीनियरिंग कॉलेज, रुड़की द्वारा हीवेट इंजीनियरिंग स्कूल लखनऊ के विद्यार्थियों को दिया गया ओवर सियर प्रमाण-पत्र ।<br>5- मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ द्वारा दिया गया ओवर सियर प्रमाण-पत्र।<br>6- इंजीनियरिंग कॉलेज, पूना द्वारा दिया गया ओवर सियर प्रमाण-पत्र।<br>7- उड़ीसा इंजीनियरिंग स्कूल, कटक द्वारा सिविल इंजीनियरिंग में दिया गया डिप्लोमा।<br>8- केंद्र या राज्य विधान मण्डलों के किसी अधिनियम द्वारा निगमित भारत में विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया ओवर सियर प्रमाण-पत्र या डिप्लोमा।<br>9- एडहाक बोर्ड ऑफ इंजीनियरिंग एजुकेशन उत्तर प्रदेश द्वारा सिविल इंजीनियरिंग में दिया गया डिप्लोमा।<br>10- प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा सिविल इंजीनियरिंग में दिया गया डिप्लोमा।<br>11- अखिल भारतीय प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा दिया गया सिविल इंजीनियरिंग में राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र।<br>प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से निर्माण प्रौद्योगिकी में तीन वर्षीय डिप्लोमा। |
| 4- | **अवर अभियन्ता (सिविल)** | उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद से सिविल / कृषि अभियंत्रण में तीन वर्षीय डिप्लोमा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई अर्हता होनी आवश्यक है । |
| 5- | **अवर अभियन्ता (जल)** | किसी मान्यता प्राप्त प्राविधिक शिक्षण संस्थान से विद्युत / यांत्रिक में त्रिवर्षीय डिप्लोमा । |
| 6- | **अवर अभियन्ता (सिविल)** | 1- भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था द्वारा प्रदत्त सिविल अभियंत्रण में डिप्लोमा : या<br>2- उत्तर प्रदेश, प्राविधिक शिक्षा परिषद, द्वारा प्रदत्त सिविल अभियंत्रण में डिप्लोमा : या<br>3- अखिल भारतीय प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सिविल अभियंत्रण में प्रदत्त राष्ट्रीय प्रमाण- पत्र : या<br>4- प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा सिविल या ग्रामीण अभियंत्रण में प्रदत्त 03 वर्ष का डिप्लोमा । |

**नोट – (1)- पद क्रम संख्या- 03, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ०प्र०, लखनऊ में अवर अभियन्ता (सिविल)** के पदों पर चयन के संबंध में ऐसे अभ्यर्थी जो अस्थायी या स्थानापन्न रिक्तियों में विभाग में पहले से कार्य कर रहे ओवर सियर जिन्होने हीवेट इंजीनियरिंग स्कूल लखनऊ या सिविल इंजीनियरिंग स्कूल से अपने प्रमाण-पत्र वर्ष 1936 में या उसके पश्चात प्राप्त कर लिए हो और उस वर्ष से जब से ऐसे प्रमाण पत्र

थॉमसन इंजीनियरिंग कॉलेज, रुड़की द्वारा दिये जाने प्रारम्भ किए गए हों, सेवा में भर्ती के लिए, यदि वे अन्यथा पात्र हों, अर्ह समझा जायेगा।

**(2)- पद क्रम संख्या- 06, प्रबन्ध निदेशक, यू०पी० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि०, लखनऊ में अवर अभियन्ता (सिविल)** के पदों पर चयन के संबंध में ऐसे व्यक्तियों, जिन्होंने उक्त प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो, की वर्षवार सूची विभाग द्वारा अनुरक्षित की जायेगी, पूर्व में प्रशिक्षित व्यक्ति को बाद में प्रशिक्षित व्यक्ति से ज्येष्ठ माना जायेगा, जिसका तात्पर्य यह है कि प्रशिक्षणार्थियों में भी पूर्व प्रशिक्षित व्यक्ति को अधिमान दिया जायेगा।

**अधिमानी अर्हता:-** उपर्युक्त पदों के लिए अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जाएगा, जिसने-

1- प्रादेशिक सेना में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या,

2- राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

3- प्रशिक्षणार्थी के रूप में एक वर्ष का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो। **(केवल पदक्रम संख्या- 06, अवर अभियन्ता हेतु लागू)**

**आरक्षण:-** उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जतियों, अनुसूचित जनजतियों और अन्य पिछड़े वर्गों तथा क्षैतिज आरक्षण से संबन्धित अन्य श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आरक्षण की सुविधा और प्रदेश सरकार के अद्यतन विद्यमान शासनादेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ अनुमन्य है, को विद्यमान शासनादेशों के अनुसार क्रमशः आरक्षण की सुविधा एवं अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी।

उपरोक्त पदों के संबंध में विज्ञापन की शर्तें, निर्धारित प्रारूप, परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम आदि का विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट http://upsssc.gov.in पर दिनांक 30.03.2016 से उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन पत्र सबमिट (Submit) करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.04.2016 है। इच्छुक अभ्यर्थी ई-चालान /आई कलेक्ट के माध्यम से दिनांक 23.04.2016 तक अपना शुल्क जमा कर सकते हैं। आयोग की वेबसाइट http://upsssc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 30.03.2016 से प्रारम्भ होगी।

आज्ञा से,

(महेश प्रसाद)
सचिव।